भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2057
गुरूवार, 12 दिसम्बर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रशाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना;**

**2057 श्री आर. धरमारः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रशाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना की विशेषताएं क्या-क्या हैं;

(ख) इन योजनाओं के तहत तमिलनाडु की अब तक शामिल की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) तमिलनाडु के भीतर इन योजनाओं के तहत स्वीकृत स्थलों/गंतव्यों की सूची और स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) तमिलनाडु में इन योजनाओं के तहत अब तक इन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार के संबंध में अब तक निर्धारित लक्ष्य और उपलब्धियों तथा देश भर में इस संबंध में आई प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटकों की सुविधा, पहुंच, सुरक्षा, स्वच्छता, अनुभव को सक्षम बनाने वाली सुनियोजित पर्यटन अवसंरचना की उपलब्धता के माध्यम से पर्यटकों के तीर्थयात्रा एवं आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ाने और एकीकृत समावेशी, और सतत विकास के माध्यम से तीर्थस्थल/विरासत शहर की आत्मा का पुनरुद्धार करने/संरक्षित करने के उद्देश्य से 2014-15 में प्रसाद (तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत, मंत्रालय आध्यात्मिक स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन सुविधाओं के संवर्द्धन के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) शुरू की थी, जिससे देश की संस्कृति और विरासत का संवर्धन हो सके, स्थायी तरीके से पर्यटक आकर्षण को बढ़ाया जा सके, पर्यटन के महत्व के बारे में स्थानीय समुदायों में जागरूकता पैदा हो सके, आदि। इस योजना के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने सतत और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत एक उप-योजना, 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। इस उप-योजना का उद्देश्य पर्यटक अनुभव को बढ़ाने के लिए गंतव्य का समग्र विकास करना है एवं मंत्रालय ने देश में सीबीडीडी के तहत 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है, जिसमें तमिलनाडु में 'तंजावुर' और 'रामेश्वरम द्वीप' शामिल हैं।

(ग) और (घ): उपर्युक्त योजनाओं के तहत तमिलनाडु में चिह्नित स्थलों/गंतव्यों, स्वीकृत परियोजनाओं, स्वीकृत, आबंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ): प्रशाद योजना की शुरूआत से, मंत्रालय ने तमिलनाडु की दो परियोजनाओं सहित देश भर में 1646.99 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 48 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इसके अतिरिक्त, उक्त योजना के तहत विकास के लिए “तमिलनाडु में आठ नवग्रह मंदिर परिपथ का विकास” नामक एक परियोजना को चिह्नित किया है।

******

**अनुबंध**

श्री आर. धरमार द्वारा प्रशाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2057 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

**तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 13.99 |
| 2 | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 4.86 |

**तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत चिह्नित स्थलों का विवरण:**

| **राज्य** | **चिह्नित स्थल** |
|---|---|
| तमिलनाडु | तमिलनाडु में 8 स्थानों पर नवग्रह मंदिर:<br>1. श्री कैलासनाथर मंदिर, थिंगालूर, जिला तंजावुर<br>2. गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, जिला तंजावुर<br>3. श्री नागनाथर मंदिर, थिरुनागेश्वरम, जिला तंजावुर<br>4. श्री सूर्यनार मंदिर, थिरुविदाईमारुथुर, सूर्यनार कोविल, जिला तंजावुर<br>5. श्री अग्निश्वरर मंदिर, कंजानूर, जिला तंजावुर<br>6. श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीस्वरनकोविल, जिला मयिलादुथुराई<br>7. श्री नागनाथस्वामी मंदिर, कीलापेरुमपल्लम, जिला मयिलादुथुराई<br>8. सुवेथारण्यश्वरर मंदिर, थिरुवेंकाडु, जिला मयिलादुथुराई |

**तमिलनाडु में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य** | **परिपथ का नाम/वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई- माम्मल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 | 71.03 |

**पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **राज्य** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति की तिथि** |
|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 29-02-2024 |

**पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चिह्नित स्थलों की सूची:**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **चयनित/चिह्नित गंतव्य** |
|---|---|
| तमिलनाडु | मामल्लापुरम, द नीलगिरी |

*******